# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 – निम्नलिखित में से किसको सैन्य अध्ययन में शामिल नहीं किया जाता?**

**(A) सैन्य संगठनों का अध्ययन** **(B) युद्ध की कला**

**(C) अर्थव्यवस्था की विकास योजना** **(D) राष्ट्रीय सुरक्षा**

**उत्तर -** (C) अर्थव्यवस्था की विकास योजना

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से कौन-सा, सैन्य अध्ययन का एक महत्त्वपूर्ण पहलू नहीं है?**

**(A) युक्ति** **(B) साज-ओ-सामान (सैन्य सामग्री)**

**(C) संविधान** **(D) मानचित्र**

**उत्तर –** (C) संविधान

**अथवा**

**निम्नलिखित में से किस गुण का देश की सेना के नेतृत्व की सफलता में कोई महत्त्व नहीं है?**

**(A) चरित्र** **(B) योग्यता**

**(C) मानसिक शक्ति** **(D) सम्पत्ति एवं सम्पदा**

**उत्तर -** (D) सम्पत्ति एवं सम्पदा

**प्रश्न 3 - प्राचीन काल में प्रचलित युद्ध से सम्बन्धित नैतिक सिद्धान्तों के अनुसार, निम्नलिखित में से किसको मारने की बजाय जीवनदान दिया जाना चाहिए?**

**(A) वृद्ध पुरुष** **(B) महिलाएँ**

**(C) वापस जाते हुए सैनिक** **(D) उपर्युक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपर्युक्त सभी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 4 - निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय अर्द्ध सैनिक बल (पैरामिलिटरी फोर्स) का भाग नहीं है?**

**(A) असम राइफल्स**

**(B) सीमा सुरक्षा बल**

**(C) दिल्ली पुलिस**

**(D) भारतीय तट रक्षक**

**उत्तर -** (C) दिल्ली पुलिस

**अथवा**

**निम्नलिखित पुलिस पदों में से कौन-सा पद निम्नतम है?**

**(A) CP**

**(B) DCP**

**(C) IG**

**(D) ACP**

**उत्तर -** (D) ACP

**प्रश्न 5 - भारतीय तट रक्षक में कमांडेंट के पद के समकक्ष भारतीय नौसेना का कौन-सा पद है?**

**(A) लेफ्टिनेंट**

**(B) लेफ्टिनेंट कमांडर**

**(C) कैप्टन**

**(D) कमांडर**

**उत्तर -** (C) कैप्टन

**अथवा**

**स्पेशल फ्रंटियर फोर्स के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

**(A) इसे 'एस्टैब्लिशमेण्ट 22' भी कहा जाता है।**

**(B) इसकी स्थापना 14 नवम्बर, 1964 को हुई।**

**(C) इस बल की स्थापना सीधे प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की देखरेख में की गई थी।**

**(D) मेजर जनरल राजेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) इस बल के पहले इंस्पेक्टर जनरल थे।**

**उत्तर -** (A) इसे 'एस्टैब्लिशमेण्ट 22' भी कहा जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 6 - भारतीय तट रक्षक का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस नगर में स्थित है?**

**(A) कोलकाता**

**(B) मुम्बई**

**(C) चेन्नई**

**(D) नई दिल्ली**

**उत्तर -** (D) नई दिल्ली

**प्रश्न 7 - निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री सुरक्षा का एक हिस्सा नहीं है?**

**(A) संचार से सम्बन्धित समुद्री मार्गों का संरक्षण**

**(B) समुद्री प्रदूषण**

**(C) दीवानी (नागरिक) अपराधों से सुरक्षा**

**(D) मछुआरों की सुरक्षा**

**उत्तर -** (C) दीवानी (नागरिक) अपराधों से सुरक्षा

**प्रश्न 8 - निम्नलिखित में से समुद्री खतरे की पहचान कीजिए :**

**(A) समुद्री सुरक्षा**

**(B) समुद्र में आंतरिक पहुँच**

**(C) मछुआरों की सुरक्षा**

**(D) समुद्री प्रदूषण**

**उत्तर -** (D) समुद्री प्रदूषण

**प्रश्न 9 - तटीय क्षेत्रवाले राज्यों की सरकारें निम्नलिखित में से किस एक बल की नियुक्ति करती है?**

**(A) इन्टेलीजेंस ब्यूरो**


**(B) राज्य समुद्री पुलिस**

**(C) केन्द्रीय समुद्री पुलिस बल**

**(D) नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो**


**उत्तर –** (B) राज्य समुद्री पुलिस

**प्रश्न 10 - नीचे दिए गए चित्रों में से INSAS लाइट मशीन गन कौन-सी है? (चित्रों हेतु प्रश्न-पत्र देखें)**




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** (C)



**प्रश्न 11 - नीचे दिए गए विमानों में से लड़ाकू विमान कौन-सा है?**

**(A) मिराज 2000** **(B) C-17**

**(C) चेतक** **(D) Mi-26**

**उत्तर -** (A) मिराज 2000

**प्रश्न 12 - नीचे दिए गए विमानों में से कौन-सा, एक इंजन वाला यातायात विमान है?**

**(A) चेतक** **(B) Mi-25**

**(C) AN-32** **(D) IL-76**

**उत्तर -** (A) चेतक

**प्रश्न 13 - युद्ध के लिए परमाणु, जैविक तथा रासायनिक अस्त्र-शस्त्र किस प्रकार का विनाश करता है?**

**(A) न्यूनतम विनाश** **(B) मध्यम विनाश**

**(C) अधिकतम विनाश** **(D) सामूहिक नरसंहार**

**उत्तर -** (D) सामूहिक नरसंहार

**प्रश्न 14 - निम्नलिखित में से कौन-सी एक परमाणु विस्फोट की विशेषता नहीं है?**

**(A) गहरी कौंधनेवाली चमक**

**(B) एक अदृश्य बादल**

**(C) आग का गोला (फायर बॉल)**

**(D) एक दबाव वाली लहर जिससे ब्लास्ट होता है और झटका लगता है**

**उत्तर -** (B) एक अदृश्य बादल

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 15 - विकिरण (radiation) क्षति का गुप्त लक्षण कौन-सा है?**

**(A) बालों का झड़ना तथा भूख का कम होना**

**(B) गला खराब होना**

**(C) बुखार**

**(D) उपर्युक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 16 - नवम्बर-दिसम्बर 2017 में ओखी चक्रवात ने कहाँ के समुद्रतट को तहस-नहस किया था?**

**(A) कोलकाता**

**(B) विशाखापटनम**

**(C) कन्याकुमारी**

**(D) कोच्चि**

**उत्तर -** (C) कन्याकुमारी

**अथवा**

**भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया 'ऑपरेशन मैत्री' किस पड़ोसी देश की सहायता के लिए था?**

**(A) नेपाल**

**(B) पाकिस्तान**

**(C) म्यांमार**

**(D) श्रीलंका**

**उत्तर -** (A) नेपाल

**प्रश्न 17 - निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत के लिए एक रणनीतिक सम्पत्ति नहीं है?**

**(A) बाँध**

**(B) नदी**

**(C) संसद भवन**

**(D) परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसे नरोरा**

**उत्तर -** (B) नदी

**अथवा**

**2016 में आतंकवादियों द्वारा भारत के किस महत्त्वपूर्ण सैनिक हवाई अड्डे पर आक्रमण हुआ था?**

**(A) दिल्ली**

**(B) अम्बाला**

**(C) पठानकोट**

**(D) अमृतसर**

**उत्तर -** (C) पठानकोट

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 18 - निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मानव निर्मित आपदा है?**

**(A) चक्रवात**

**(B) परमाणु विस्फोट**

**(C) भू-क्षरण**

**(D) सुनामी**

**उत्तर -** (B) परमाणु विस्फोट

**अथवा**

**2004 की सुनामी में भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने निम्नलिखित में से किस देश के नागरिकों की सहायता की थी?**

**(A) पाकिस्तान**

**(B) नेपाल**

**(C) मालदीव**

**(D) भूटान**

**उत्तर -** (C) मालदीव

**प्रश्न 19 - (आर० ए० डबल्यू०) RAW के सही विस्तृत रूप की पहचान कीजिए।**

**(A) रिसर्च ऐन्ड असेसमेंट विंग**

**(B) रिसर्च ऐन्ड एक्टीवेशन विंग**

**(C) रिसर्च ऐन्ड एनालिसिस विंग**

**(D) रिसर्च ऐन्ड अवेयरनेस विंग**

**उत्तर –** (C) रिसर्च ऐन्ड एनालिसिस विंग

**अथवा**

**पी० ओ० के० (POK) के सही विस्तृत रूप की पहचान कीजिए।**

**(A) पार्ट ऑफ कश्मीर**

**(B) प्योरली ओल्ड कश्मीर**

**(C) पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर**

**(D) पाकिस्तान्स आउटर कश्मीर**

**उत्तर -** (C) पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर

**प्रश्न 20 - 'इन्टेलीजेंस ब्यूरो' (IB) के बारे में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-सा कथन सत्य है?**

**(A) इन्टेलीजेंस ब्यूरो की स्थापना 1887 में हुई थी।**

**(B) इसको विदेशों से मिलने वाली धमकियों के प्रबंधन का दायित्व दिया गया था।**

**(C) IB रक्षा मंत्रालय के प्राधिकार के अधीन आता है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) रॉ (RAW) के गठन के पश्चात्, IB अब पूरी तरह से विदेश से आनेवाली गुप्त जानकारी प्राप्त करने के लिए समर्पित है।**

**उत्तर -** (A) इन्टेलीजेंस ब्यूरो की स्थापना 1887 में हुई थी।

**अथवा**

**'गरूड़' कमांडो बल निम्नलिखित में से किसका एक विशिष्ट दल है?**

**(A) भारतीय थल सेना**

**(B) भारतीय वायु सेना**

**(C) भारतीय नौसेना**

**(D) भारतीय सशस्त्र बल**

**उत्तर -** (B) भारतीय वायु सेना

**प्रश्न 21 - निम्नलिखित पुलिस पदों का सी० आर० पी० एफ० (CRPF) में उनके समकक्ष पदों से मिलान कीजिए :**

| **स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| **(a) ज्वॉइंट कमिशनर ऑफ पुलिस** | **(i) कमांडेंट (CO)** |
| **(b) डिप्टी कमिशनर ऑफ पुलिस** | **(ii) इंस्पेक्टर जनरल** |
| | **(iii) अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल** |

**उत्तर -**

| **स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| (a) ज्वॉइंट कमिशनर ऑफ पुलिस | (ii) इंस्पेक्टर जनरल |
| (b) डिप्टी कमिशनर ऑफ पुलिस | (i) कमांडेंट (CO) |

**प्रश्न 22 - (a) हमारे प्राचीन गुरु _____ का विषय पढ़ाया करते थे और सैनिक घोड़ों, _____ और हथियारों का प्रयोग करना सीखते थे।**

**उत्तर -** सैन्य संगठनों, हाथियों

**अथवा**

**(b) युद्धतंत्र की कला सीखते समय, शत्रुओं को हराने के लिए, सेनाओं को विभिन्न प्रकार की _____ तथा रणनीति प्रयोग करने का _____ देना पड़ता है।**

**उत्तर –** युक्तियों, प्रशिक्षण

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 23 - असम राइफल्स के नीचे दिए गए पदों का सही मिलान उनके समकक्ष भारतीय थल सेना के पदों से कीजिए :**

| स्तम्भ – A | स्तम्भ – B |
|---|---|
| (a) डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल | (i) कर्नल |
| (b) कमांडेंट | (ii) मेजर जनरल |
| | (iii) ब्रिगेडियर |

**उत्तर - स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B**

| स्तम्भ – A | स्तम्भ – B |
|---|---|
| (a) डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल | (iii) ब्रिगेडियर |
| (b) कमांडेंट | (i) कर्नल |

**प्रश्न 24 - (a) एक सैनिक जिसे युद्धकला में ठीक प्रकार पढ़ाया जाता है और _____ दिया जाता है, वह खुश रहता है और पूरे भरोसे के साथ _____ के लिए जाता है।**

**उत्तर –** प्रशिक्षण, युद्ध

**अथवा**

**(b) किसी सेना के बारे में यह देखकर _____ लिया जाता है कि उसके सैनिक कितने _____ हैं।**

**उत्तर –** निर्णय, प्रशिक्षित

**प्रश्न 25 - (a) एक योद्धा (क्षत्रीय) जिसने _____ पहना हुआ है, उसे किसी ऐसे योद्धा से नहीं लड़ना चाहिए जिसने _____ नहीं पहना हुआ है।**

**उत्तर -** कवच, कवच

**अथवा**

**(b) धर्मयुद्ध ऐसा युद्ध है जिसे केवल राज्य के _____ के लिए _____ जाए।**

**उत्तर –** कल्याण, लड़ा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 26 - नीचे दिए गए बंदरगाहों का मिलान उन तटों से कीजिए जहाँ वे स्थित हैं :**

| **स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| **(a) मंगलोर** | **(i) पूर्वी तट** |
| **(b) मुम्बई** | **(ii) पश्चिमी तट** |
| **(c) कोलकाता** | |

| **उत्तर – स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| (a) मंगलोर | (ii) पश्चिमी तट |
| (b) मुम्बई | (ii) पश्चिमी तट |
| (c) कोलकाता | (i) पूर्वी तट |

**प्रश्न 27 - (a) _____ भारत के समुद्रवर्ती हितों की रक्षा करता है और समुद्री _____ को लागू करवाता है।**

**उत्तर -** भारतीय तट रक्षक, कानूनों

**अथवा**

**(b) मछुआरों तथा _____ की समुद्र में रक्षा करना तथा उन्हें सहायता देना______का कार्य है।**

**उत्तर –** नाविकों, भारतीय तट रक्षक

**प्रश्न 28 - सशस्त्र सीमा बल की वर्तमान भूमिका _____ जुर्म से तथा तस्करी के अतिरिक्त अन्य _____ गतिविधियों से रक्षा करना है।**

**उत्तर -** सीमा पार के, राष्ट्र विरोधी

**प्रश्न 29 - एक इंजन वाले तथा दो इंजन वाले विमान को उनके सही नाम से मिलाइए :**

| **स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| **(a) एक इंजन** | **(i) Mi - 25** |
| **(b) दो इंजन** | **(ii) Mi – 35** |
| | **(iii) चीता** |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर – स्तम्भ – A** **स्तम्भ – B**

| स्तम्भ – A | स्तम्भ – B |
|---|---|
| (a) एक इंजन | (iii) चीता |
| (b) दो इंजन | (i) Mi-25 & (ii) Mi-35 |

**प्रश्न 30 - (a) हिन्द महासागर क्षेत्र _____ महत्त्व का क्षेत्र है क्योंकि विश्व का अधिकांश _____ इस क्षेत्र से होकर गुजरता है।**

**उत्तर** - रणनीतिक, समुद्री तेल और गैस व्यापार

**अथवा**

**(b) भारत की विशाल तटरेखा अनेक _____ चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं जैसे _____ से हथियार और विस्फोटक पदार्थ का लाना आदि।**

**उत्तर** – सुरक्षा, अवैध लैंडिंग

**प्रश्न 31 - (a) भारत के _____ राज्य की तटरेखा सबसे लम्बी तटरेखा है और दूसरी सबसे लम्बी तटरेखा _____ राज्य की है।**

**उत्तर** – गुजरात, आन्ध्र प्रदेश

**अथवा**

**(b) किसी देश की जनसंख्या अर्थात् लोग उसकी _____ गतिविधियों जैसे कृषि, विनिर्माण तथा _____ उत्पादन का एक स्रोत है।**

**उत्तर** – आर्थिक, औद्योगिक

**प्रश्न 32 - नीचे दिए गए साइबर अटैकर्स से उनकी सम्बन्धित आपराधिक गतिविधियों का सही मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ – A | स्तम्भ – B |
|---|---|
| (a) इन्साइडर | (i) दुर्भावना से कम्प्यूटर में तोड़-फोड़ करना |
| (b) आतंकवादी | (ii) संवेदनशील डाटा की चोरी करना |
| | (iii) आइ० टी० अथवा इंटरनेट का प्रयोग, अपनी किसी योजना को बनाने तथा लागू करने में |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर - स्तम्भ – A** **स्तम्भ – B**

(a) इन्साइडर (ii) संवेदनशील डाटा की चोरी करना

(b) आतंकवादी (iii) आइ० टी० अथवा इंटरनेट का प्रयोग, अपनी किसी योजना को बनाने तथा लागू करने में

**प्रश्न 33 - मध्य युग के अन्तिम वर्षों में, मुख्य सेनाएँ _____ पर _____ बल के एक अंग के रूप में लड़ती थीं।**

**उत्तर –** घोड़ों, घुड़सवार (Cavalry)

**प्रश्न 34 - विखंडन (फिशन) की विधि से परमाणु विस्फोट के लिए प्रयोग किए जाने वाले पदार्थ _____ तथा _____ के कुछ विशेष आइसोटोप्स होते हैं।**

**उत्तर –** यूरैनियम, प्लूटोनियम

**प्रश्न 35 - नीचे दिए गए आपदा के प्रकारों को उनके सही उदाहरणों के साथ मिलाइए :**

| **स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| **(a) प्राकृतिक आपदा** | **(i) चक्रवात** |
| **(b) मानव-निर्मित आपदा** | **(ii) तेल रिसाव** |
| | **(iii) भू - क्षरण** |

| **उत्तर – स्तम्भ – A** | **स्तम्भ – B** |
|---|---|
| (a) प्राकृतिक आपदा | (i) चक्रवात, (iii) भू - क्षरण |
| (b) मानव-निर्मित आपदा | (ii) तेल रिसाव |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड – ब

**प्रश्न 36 - (a) सेना के लिए युद्ध सामग्री (साज-ओ-सामान) (लॉजिस्टिक्स) के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** युद्ध के दौरान सेनाओं को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक वस्तुओं (जैसे गोला-बारूद, ईंधन, भोजन) की निरंतर आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लॉजिस्टिक्स यह सुनिश्चित करती है कि युद्ध के समय सेना को रसद और आवश्यक सामग्री समय पर मिले, जिससे युद्ध जीतने की संभावना बढ़ जाती है।

**अथवा**

**(b) सैन्य अध्ययन की पढ़ाई के किन्हीं दो लाभों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** सैन्य अध्ययन की पढ़ाई के लाभ -

1. यह सैनिकों को हथियारों के प्रयोग और युद्ध कौशल में अत्यधिक पेशेवर और कुशल बनाता है।

2. यह सशस्त्र बलों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रहने और आत्मविश्वास के साथ लड़ने में सहायता करता है।

**प्रश्न 37 - (a) भारतीय तट रक्षक के किन्हीं दो लक्ष्यों (मिशन) का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर - भारतीय तट रक्षक के दो लक्ष्य (मिशन) –**

1. समुद्र में मछुआरों और नाविकों को सुरक्षा तथा सहायता प्रदान करना।

2. समुद्री प्रदूषण पर नियंत्रण रखते हुए समुद्र की पारिस्थितिकीय और पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण करना।

**अथवा**

**(b) भारत के आम निर्वाचन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशिष्ट भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** CRPF भारत के आम चुनावों (संसदीय चुनावों) के दौरान शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रमुख भूमिका निभाती है। यह चुनावों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती कर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने में सहायता करती है।

**प्रश्न 38 - (a) भारत की विविधता का विश्व में अद्वितीय होने का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** भारत की विविधता विश्व में अद्वितीय मानी जाती है, क्योंकि यहाँ अनेक भाषाएँ, बोलियाँ, धर्म, जातीय समूह, रीति-रिवाज और जीवन-शैलियाँ साथ-साथ पाई जाती हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध जैसे समुदायों की उपस्थिति भारत को सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध बनाती है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) भारत में आधुनिक विनिर्माण उद्योग की नींव डालने वाले किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – आधुनिक विनिर्माण उद्योग की नींव डालने वाले दो कारक -**

1. भारत ने आधुनिक विनिर्माण उद्योगों की स्थापना के लिए धातु, इंजीनियरिंग, विद्युत, रसायन और दवा उद्योगों में विदेशी सहयोग लिया है।

2. भारत में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के निर्माण के लिए आधुनिक कारखाने स्थापित किए गए हैं, जिन्होंने औद्योगिक विकास की आधारशिला रखी है।

**प्रश्न 39 - मुख्य युद्ध टैंक, अर्जुन की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं को उजागर कीजिए।**

**उत्तर - मुख्य युद्ध टैंक 'अर्जुन' की दो मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं –**

1. इसमें लक्ष्य को स्वचालित रूप से खोजने, ट्रैक करने और नष्ट करने की क्षमता है।

2. यह एक स्वदेशी निर्मित टैंक है, जिसमें रूसी टी-90 टैंकों की तुलना में बेहतर कवच सुरक्षा है।

**प्रश्न 40 - परमाणु विस्फोट के किन्हीं दो प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - परमाणु विस्फोट के दो प्रभाव –**

1. इसका एक प्रभाव 'ताप या ऊष्मीय प्रभाव' है, जो मानव त्वचा पर गंभीर जलन पैदा करता है और ज्वलनशील सामग्री में आग लगाने का कारण बनता है।

2. दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव 'विस्फोट और झटकों के प्रभाव' है, जिसमें विस्फोट से उत्पन्न दबाव की लहरें इमारतों को ध्वस्त कर देती हैं और मलबे से चोट पहुँचाती हैं।

**प्रश्न 41 - (a) ऐसी किन्हीं दो विशेष आपदाओं के उदाहरण दीजिए जिनसे निपटने के लिए विशेष प्रकार के सामान और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।**

**उत्तर - विशेष प्रशिक्षण और उपकरण वाली दो आपदाएं –**

1. तेल रिसाव जैसी आपदाओं के प्रबंधन के लिए विशेष प्रशिक्षण और सफाई उपकरणों की आवश्यकता होती है।

2. परमाणु दुर्घटनाएँ एक अन्य आपदा है, जिनसे निपटने के लिए विशेष सुरक्षात्मक उपकरणों और विशेषज्ञों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता होती है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) आपदाओं के दौरान शिकार हुए लोगों को राहत पहुँचाने में भारतीय सशस्त्र बलों के विभिन्न कार्यों को लिखिए।**

**उत्तर - आपदा के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के कार्य –**

1. सशस्त्र बल आपदा प्रभावित पीड़ितों तक भोजन, कपड़े, सुरक्षित पेयजल और जीवन रक्षक दवाएं पहुँचाने का कार्य करते हैं।

2. आपदा के दौरान फंसे हुए या लापता व्यक्तियों की खोज करना और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालना इनकी सबसे प्रमुख जिम्मेदारी है।

**प्रश्न 42 - (a) मारकोज़ (MARCOS) कमांडोज़ की मुख्य भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** मारकोज़ (MARCOS) भारतीय नौसेना का एक विशेष बल है, जिसे मुख्य रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक संपत्तियों और ठिकानों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है। वे आतंकवादियों के विरुद्ध जल-स्थलीय एवं समुद्री डकैती विरोधी कार्रवाइयाँ करते हैं। साथ ही, ये जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

**अथवा**

**(b) आतंकवादियों को पाकिस्तान किस प्रकार की सहायता देता है? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर में अशांति उत्पन्न करने के उद्देश्य से आतंकवादियों को प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करता है। वह सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादियों को प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षित करता है। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान आतंकवादियों को उनके अभियानों के लिए आवश्यक अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण भी प्रदान करता है।

**प्रश्न 43 - कौन-से संकेत किसी कम्प्यूटर के संक्रमित होने को दर्शाते हैं? किन्हीं चार संकेतों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर - कम्प्यूटर संक्रमित होने के संकेत –**

1. कम्प्यूटर सिस्टम के काम करने में सुस्ती आना

2. सिस्टम का बार-बार अपने आप रीस्टार्ट होना या हैंग होना।

3. कम्प्यूटर पर अज्ञात सेवाओं का चलते रहना।

4. फाईल के विस्तार अथवा सामग्री में परिवर्तन होना

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 44 - युद्ध में सहायक सेना के रूप में (कॉम्बैट) इंजीनियर्स के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - इंजीनियर्स के चार मुख्य कार्य निम्न हैं –**

1. सैनिकों की आवाजाही के लिए रास्ते बनाना और हेलीपैड या हवाई पट्टियाँ तैयार करना।

2. युद्ध क्षेत्र में पुलों का निर्माण करना और जल के स्रोत तैयार करना।

3. दुश्मन को रोकने के लिए माइंस बिछाना और दुश्मन की माइंस को हटाना।

4. दुश्मन की संचार और रसद श्रृंखला को काटने के लिए पुलों को ध्वस्त करना और बाधाएँ उत्पन्न करना।

**प्रश्न 45 - (a) युद्धक्षेत्र प्रबंधन व्यवस्था (बैटलफील्ड मैनेजमेंट सिस्टम) का लक्ष्य लिखिए।**

**उत्तर –** इसका मुख्य लक्ष्य सभी लड़ाकू इकाइयों, जैसे कि तोपखाना, पैदल सेना रेजीमेंट और हेलीकॉप्टर उड़ानों को एक डिजिटल नेटवर्क से एकीकृत करना है। यह भविष्य के युद्धक्षेत्र के सभी घटकों को जोड़ता है, जिससे वरिष्ठ कमांडरों को स्थिति की जानकारी मिलती है। इसके माध्यम से कमांडर रिपोर्ट, डेटा और अन्य महत्वपूर्ण संचार का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

**अथवा**

**(b) भारत की नौसेना को किस कारण से विश्व में छठा स्थान प्राप्त है? भारतीय नौसेना की विशिष्ट क्षमता की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** भारतीय नौसेना को विश्व में छठा स्थान प्राप्त है, क्योंकि यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों के निर्माण और संचालन में सक्षम है। यह विशिष्ट क्षमता इसकी आक्रामक प्रहार शक्ति को अत्यधिक मजबूत बनाती है। इसी तकनीक और स्वदेशी पनडुब्बियों के विकास के कारण, भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक नौसैनिक शक्ति के रूप में उभरा है।

**प्रश्न 46 - (a) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी० आइ० एस० एफ०) की परामर्श सम्बन्धी सेवाओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) निजी उद्योगों और अन्य संगठनों को सुरक्षा सम्बन्धी परामर्श सेवाएँ प्रदान करती है। इसकी परामर्श शाखा के प्रमुख ग्राहकों में टाटा, ओएनजीसी जैसे बड़े संस्थान शामिल हैं। इसकी सेवाओं का मुख्य दायरा 'सुरक्षा सम्बन्धी परामर्श' और 'अग्नि सुरक्षा परामर्श' प्रदान करना है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(b) कमांडो बटालियन फॉर रिज़ोल्यूट ऐक्शन (COBRA) की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - COBRA की दो मुख्य विशेषताएँ –**

1. कोबरा (COBRA) को विशेष रूप से नक्सल विरोधी और विद्रोह विरोधी युद्ध में प्रशिक्षित किया गया है, जो इन्हें इस प्रकार के अभियानों में बहुत सक्षम बनाता है।

2. यह जंगलों में जीवित रहने, लड़ने और शत्रु को खोजने तथा नष्ट करने के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ इकाइयों में से एक है।

**प्रश्न 47 - ALH Mark III तथा चेतक विमानों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – दोनों विमानों के बीच अंतर -**

**1.** ALH Mark III भारत में (स्वदेशी) निर्मित है। वहीं, चेतक फ्रांस के मूल डिज़ाइन पर आधारित है।

**2.** ALH Mark III उन्नत सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो दिन-रात काम कर सकता है, जबकि चेतक एक हल्का उपयोगिता हेलीकॉप्टर है।

**प्रश्न 48 - (a) आर्मी एविएशन कोर की बहुमुखी कहकर प्रशंसा क्यों की जाती है? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** आर्मी एविएशन कोर को बहुमुखी कहा जाता है क्योंकि यह सेना के लिए रेकी करना, घायलों को निकालना, सैनिकों और सामान का परिवहन करना तथा विशेष अभियानों में सहायता जैसे अनेक कार्य करती है। यह मरुस्थल, जंगल, पहाड़ और सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक कार्य करती है।

**अथवा**

**(b) आर्मी एयर डिफेंस (AAD) के किन्हीं दो मुख्य कार्यों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर - आर्मी एयर डिफेंस (AAD) के दो मुख्य कार्य –**

1. AAD का प्राथमिक कार्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, हवाई अड्डों और राडार साइटों जैसे महत्वपूर्ण स्थिर प्रतिष्ठानों को दुश्मन के हवाई खतरों से बचाना है।

2. यह दुश्मन के विमानों और मिसाइलों से भारतीय वायु क्षेत्र की रक्षा करने के लिए भी जिम्मेदार है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 49 - (a) भारत में खनिज तेल के महत्त्व का ऊर्जा के स्रोत के रूप में आकलन कीजिए।**

**उत्तर -** खनिज तेल भारत की ऊर्जा जरूरतों का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह न केवल परिवहन क्षेत्र में वाहनों को चलाने के लिए अनिवार्य है, बल्कि औद्योगिक मशीनों, बिजली उत्पादन और पेट्रोकेमिकल उद्योगों का भी आधार है। युद्ध के समय, टैंकों, विमानों और युद्धपोतों की संचालन क्षमता पूरी तरह तेल की निरंतर आपूर्ति पर निर्भर करती है। साथ ही, तेल की उपलब्धता सीधे तौर पर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को निर्धारित करती है।

**अथवा**

**(b) भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए यूरेनियम की उपलब्धता एवं उसके महत्त्व की परख कीजिए।**

**उत्तर -** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए यूरेनियम की उपलब्धता और उसका महत्त्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि परमाणु विस्फोट और परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए यूरेनियम एक अनिवार्य कच्चा माल है। भारत में यूरेनियम की उपलब्धता उसे परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाती है, जो नौसेना की परमाणु संचालित पनडुब्बियों के लिए ईंधन का कार्य करता है। इसका महत्त्व यह है कि यह पनडुब्बियों को असीमित समय तक पानी के नीचे रहने की क्षमता देता है, जिससे भारत की समुद्री रक्षा और रणनीतिक प्रहार क्षमता बढ़ जाती है।

**प्रश्न 50 - (a) युद्धपोत डेस्ट्रॉयर के किन्हीं तीन कार्यों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** युद्धपोत डेस्ट्रॉयर नौसेना का एक अत्यंत शक्तिशाली जहाज है, जिसके कार्य हैं –

**1. सुरक्षा प्रदान करना :** डेस्ट्रॉयर मुख्य युद्धपोतों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर एक सुरक्षा कवच बनाते हैं।

**2. दुश्मन पर हमला :** ये जहाज अपनी शक्तिशाली तोपों और मिसाइलों के माध्यम से दुश्मन के सतह वाले जहाजों और पनडुब्बियों पर हमला करने में सक्षम होते हैं।

**3. समुद्री निगरानी :** ये पोत दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने और समुद्री सीमाओं की निरंतर निगरानी करने का कार्य करते हैं।

**अथवा**

**(b) किसी देश की अर्थव्यवस्था कैसे निर्धारित की जाती है? अर्थव्यवस्था तथा सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के बीच सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसके आर्थिक संसाधनों जैसे जीडीपी (GDP) और औद्योगिक उत्पादन से निर्धारित होती है। अर्थव्यवस्था और सेना के आधुनिकीकरण के बीच निम्न सम्बन्ध हैं –

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. रक्षा बजट का आधार :** एक मजबूत अर्थव्यवस्था सेना को आधुनिक बनाने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराती है, जिससे नए हथियार और उपकरण खरीदे या बनाए जा सकते हैं।

**2. सुरक्षा और स्थिरता :** अच्छी अर्थव्यवस्था से सेना को नई तकनीक और बेहतर सुविधाएँ मिलती हैं, जिससे उसकी क्षमता बढ़ती है और देश की सुरक्षा अधिक मजबूत होती है।

**प्रश्न 51 - साइबर युद्ध (Cyber Warfare) को पेनीट्रेशन टेस्टिंग का अनिवार्यतः औपचारिक रूप क्यों माना जाता है? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** साइबर युद्ध को पेनीट्रेशन टेस्टिंग का अनिवार्यतः औपचारिक रूप माना जाता है, क्योंकि इसमें भी कंप्यूटर प्रणाली या नेटवर्क में प्रवेश कर उसकी सुरक्षा कमजोरियों की पहचान की जाती है। जिस प्रकार पेनीट्रेशन टेस्टिंग में विशेषज्ञ योजनाबद्ध तरीके से सिस्टम की जाँच करते हैं, उसी प्रकार साइबर युद्ध में भी सरकारें या सैन्य एजेंसियाँ संगठित और रणनीतिक ढंग से ऐसी तकनीकों का उपयोग करती हैं। इसलिए इसे पेनीट्रेशन टेस्टिंग का औपचारिक रूप कहा जाता है।

**प्रश्न 52 - असम राइफल्स के किन्हीं तीन विशिष्ट कार्यों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर - असम राइफल्स के तीन विशिष्ट कार्य निम्नलिखित हैं –**

**1. सीमा सुरक्षा :** इसका सबसे प्रमुख कार्य भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा करना और सीमा पार से होने वाली घुसपैठ एवं तस्करी को रोकना है।

**2. आतंकवाद विरोधी अभियान :** पूर्वोत्तर भारत के अशांत क्षेत्रों में विद्रोह विरोधी अभियानों को चलाना और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन की मदद करना।

**3. नागरिक सहायता :** दुर्गम पहाड़ी इलाकों में स्थानीय जनता को चिकित्सा सहायता, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना।

**प्रश्न 53 - (a) चक्रवात से पूर्व जनसाधारण तथा मछुआरों द्वारा 'किए' एवं 'न किए' जाने वाले तीन-तीन कार्यों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर – किए जाने वाले कार्य –**

1. जनसाधारण को रेडियो, टीवी और अखबार के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहना चाहिए तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

2. अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों और कीमती सामान को वाटरप्रूफ डिब्बे में सुरक्षित रखना तथा आवश्यक वस्तुओं की आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. मछुआरों को अतिरिक्त बैटरियों सहित रेडियो साथ रखना तथा अपनी नावों/राफ्ट को सुरक्षित स्थान पर बाँधकर रखना चाहिए।

**न किए जाने वाले कार्य –**

1. घबराना या अफवाहों पर विश्वास करके गलत निर्णय नहीं लेना चाहिए।

2. घर में नुकीली या ढीली वस्तुएँ खुली नहीं छोड़नी चाहिए तथा घर को असुरक्षित अवस्था में नहीं रखना चाहिए।

3. मछुआरों को चक्रवात की चेतावनी के दौरान समुद्र में नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी जान को खतरा हो सकता है।

**अथवा**

**(b) भारत सरकार को नक्सलवादियों के विरुद्ध प्रत्यक्ष रूप से सशस्त्र बल प्रयोग करने से रोकने वाले किन्हीं दो कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** भारत सरकार के लिए नक्सलवाद एक आंतरिक चुनौती है। सरकार को इसके विरुद्ध सीधे सेना का प्रयोग करने से रोकने वाले प्रमुख कारक निम्नलिखित हैं –

**1. भटकाव और सामाजिक-आर्थिक स्थिति :** नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाले अधिकांश लोग भारत के जन-जातीय (कबिलाई) क्षेत्रों से आते हैं, जिनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि अत्यंत पिछड़ी हुई है। चूंकि ये लोग राजनीतिक रूप से बहकावे में आकर इस संघर्ष का हिस्सा बने हैं, इसलिए सरकार इन्हें दुश्मन मानने के बजाय इन्हें अपना नागरिक समझती है और सीधे सेना का प्रयोग करने से बचती है।

**2. भौगोलिक और सुरक्षात्मक स्थिति :** यह समस्या मुख्य रूप से मध्य भारत के आंतरिक क्षेत्रों में केंद्रित है, न कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पास। चूंकि यह क्षेत्र देश की मुख्य सीमाओं से काफी दूर है, इसलिए इसमें बाहरी तत्वों द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई सीधा खतरा नहीं है, जिसके चलते सरकार सेना के बजाय स्थानीय स्तर पर शांतिपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देती है।

**प्रश्न 54 - (a) बहुत ऊँचाई पर हवा में होने वाले विस्फोट तथा परमाणु विस्फोट के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - बहुत ऊँचाई पर होने वाले विस्फोट और परमाणु विस्फोट में अंतर निम्न है –**

| आधार | बहुत ऊँचाई पर हवा में होने वाला विस्फोट | परमाणु विस्फोट |
|---|---|---|

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| | | |
|---|---|---|
| **विस्फोट की ऊँचाई** | 1. वायुमंडल की ऊपरी परतों में, लगभग 30 हजार मीटर से अधिक ऊँचाई पर किया जाता है। | 1. भूमि की सतह पर या उसके निकट किया जाता है। |
| **प्राथमिक उद्देश्य** | 2. विद्युत-चुंबकीय तरंगों (EMP) द्वारा शत्रु के संचार तंत्र, राडार तथा उपग्रहों को नष्ट करना। | 2. शत्रु के सैन्य ठिकानों, शहरों तथा जनजीवन को सीधे भौतिक नुकसान पहुँचाना। |
| **प्रभाव** | 3. तापीय प्रभाव तथा रेडियोधर्मी धूल का प्रभाव जमीन पर अपेक्षाकृत कम होता है। | 3. ताप, दबाव तथा रेडियोधर्मी धूल का प्रभाव जमीनी स्तर पर अत्यंत विनाशकारी होता है। |

**अथवा**

**(b) किन्हीं तीन प्रकार के साइबर अपराधों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** साइबर अपराध डिजिटल दुनिया में सुरक्षा को हानि पहुँचाने वाले गंभीर अपराध हैं, जिनमें से तीन प्रमुख ये हैं-

**1. फ्राड एवं धोखाधड़ी :** यह अपराध मुख्य रूप से वाणिज्यिक और आर्थिक जगत में किया जाता है। इसमें अपराधी डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके लोगों या संस्थाओं को वित्तीय नुकसान पहुँचाते हैं।

**2. कंप्यूटर प्रोग्राम अथवा आंकड़ों को क्षति अथवा सुधार :** यह गंभीर साइबर अपराध है, जिसमें निजी, सार्वजनिक तथा रक्षा संस्थानों के संवेदनशील तंत्र के डेटा या प्रोग्राम को नष्ट किया जाता है अथवा उनमें परिवर्तन किए जाते हैं।

**3. कंप्यूटर सिस्टम और निगरानी तक अनाधिकृत पहुँच :** इसमें अपराधी बिना अनुमति किसी सिस्टम में घुसपैठ करते हैं। यह अपराध फिशिंग और जासूसी उपकरणों जैसी तकनीकों के माध्यम से किया जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

OCTOBER-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - सैन्य अध्ययन को अन्य किस नाम से भी जाना जाता है?**

**(A) युद्ध और रणनीतिक अध्ययन**

**(B) रक्षा और रणनीतिक अध्ययन**

**(C) सैन्य विज्ञान**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 2 - सैन्य अध्ययन की क्या आवश्यकता है?**

**(A) मातृभूमि की रक्षा में इसके महत्व को समझने के लिए**

**(B) लकड़ी और पत्थर के हथियारों के महत्व को समझने के लिए**

**(C) धातुओं से बने हथियारों के महत्व को समझने के लिए**

**(D) वायुयानों और परमाणु बमों के महत्व को समझने के लिए**

**उत्तर –** (A) मातृभूमि की रक्षा में इसके महत्व को समझने के लिए

**प्रश्न 3 - चतुरंगसेना का क्या अभिप्राय है?**

**(A) चार प्रकार के शत्रुओं का अध्ययन करना**

**(B) रथ, हाथी, घुड़सवार और पैदल सैनिकों का समूह**

**(C) युद्ध की आचार संहिता का अध्ययन करना**

**(D) वायु, जल, थल और अंतरिक्ष पर युद्ध कौशल परखना**

**उत्तर -** (B) रथ, हाथी, घुड़सवार और पैदल सैनिकों का समूह

**प्रश्न 4 - किसी देश को सुरक्षा के खतरों का विश्लेषण करना क्यों आवश्यक है?**

**(A) इनसे निपटने के लिए रणनीति बनाने हेतु**

**(B) सेना के आकार की आवश्यकता को समझने हेतु**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) खतरे पर काबू पाने के तरीकों पर निर्णय लेने हेतु**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर –** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 5 - प्राचीन समय में सेना द्वारा सूर्य और तारों की गति का प्रयोग किस लिए किया जाता था?**

**(A) मार्गदर्शन के लिए**

**(B) एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए**

**(C) उपरोक्त दोनों**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) उपरोक्त दोनों

**प्रश्न 6 - 'किसी योद्धा को होंठों में तिनका दबाए व्यक्ति को नहीं मारना चाहिए'। इस कथन का निम्नलिखित में से किस विकल्प के साथ सम्बन्ध है?**

**(A) तर्कशास्त्र**

**(B) युद्ध की आचार संहिता**

**(C) राष्ट्रीय सुरक्षा**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) युद्ध की आचार संहिता

**प्रश्न 7 - किस प्रकार के व्यक्तियों को मारना युद्ध की आचार संहिता के विरुद्ध नहीं था?**

**(A) हथियार धारी योद्धा को**

**(B) बिना हथियार धारी योद्धा को**

**(C) बूढ़े पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को**

**(D) अपंग विरोधी को**

**उत्तर -** (A) हथियार धारी योद्धा को

**प्रश्न 8 - किसी राष्ट्र अथवा राज को किस प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ता है?**

**(A) प्राकृतिक आपदाएँ**

**(B) शत्रु का आक्रमण**

**(C) पर्यावरण निम्नीकरण**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9 - एक प्रभावशाली सैन्य नेतृत्व निम्नलिखित में से किस पर आधारित होता है?**

**(A) चारित्रिक शक्ति पर** **(B) मानसिक शक्ति पर**

**(C) उपरोक्त दोनों** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर –** (C) उपरोक्त दोनों

**प्रश्न 10 - प्राचीन दक्षिण भारतीय सेनाओं द्वारा निम्नलिखित में से कौन से प्रकार के हथियार प्रयोग किए जाते थे?**

**(A) टी-72 टैंक** **(B) मशीनगन**

**(C) गदा** **(D) पनडुब्बियाँ**

**उत्तर –** (C) गदा

**प्रश्न 11 - "युद्ध में विशेष स्थिति सेना की इकाईयों को तैनात करने की कला" को क्या कहा जाता है?**

**(A) नेतृत्व** **(B) युक्ति**

**(C) तार्किकता** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) युक्ति

**प्रश्न 12 - प्राचीन काल में सैनिकों को किस प्रकार के कौशल में प्रशिक्षित होना होता था?**

**(A) तीर कमान प्रयोग करने में** **(B) घुड़सवारी में**

**(C) घोड़े पर बैठकर लड़ने में** **(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 13 - प्राचीन काल में शत्रु से रक्षा एवं किले निर्मित करने में निम्नलिखित में से किस का अध्ययन सहायक होता था?**

**(A) पवित्र ग्रन्थों का** **(B) मानचित्रों का**

**(C) इलाके का** **(D) नेतृत्व का**

**उत्तर -** (C) इलाके का

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 14 - सैन्य दृष्टि से जनसंख्या का क्या लाभ हैं?**

**(A) सेना के लिए आवश्यक जनशक्ति की आपूर्ति**

**(B) आपातकालीन स्थिति में मजबूत रिज़र्व के रूप में**

**(C) आर्थिक गतिविधि के स्रोत के रूप में**

**(D) उपरोक्त सभी**

**उत्तर -** (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 15 - भू-रणनीति का अर्थ है:**

**(A) देश की भौतिक विशेषताएँ और आर्थिक संसाधन**

**(B) राज्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने की सोची समझी योजना**

**(C) रक्षा रणनीतियों को तैयार करने के लिए भूगोल और रणनीति का संयोजन**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (C) रक्षा रणनीतियों को तैयार करने के लिए भूगोल और रणनीति का संयोजन

**प्रश्न 16 - ऊर्जा के किस संसाधन में कुछ भी बेकार नहीं जाता?**

**(A) कोयला**

**(B) पेट्रोलियम**

**(C) लकड़ी**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर -** (B) पेट्रोलियम

**प्रश्न 17 - निम्न में से किस फसल का उत्पादन व्यवसायिक उद्देश्य से किया जाता है?**

**(A) मूँगफली**

**(B) ज्वार**

**(C) मक्का**

**(D) चावल**

**उत्तर -** (A) मूँगफली

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 18 - सागर माला का महत्व निम्नलिखित में से किस में निहित है?**

**(A) भारतीय बंदरगाहों के विकास और आधुनिकीकरण में**

**(B) भारत के तटीय आर्थिक क्षेत्रों के विकास और आधुनिकीकरण में**

**(C) (A) और (B) दोनों में**

**(D) (A) और (B) दोनों नहीं**

**उत्तर -** (C) (A) और (B) दोनों में

**प्रश्न 19 - इन्फैन्ट्री फाईटिंग व्हीकल्स (IFV) चालक दल सहित कितने लोगों को ले जा सकते हैं?**

**(A) 8** **(B) 9**

**(C) 10** **(D) 12**

**उत्तर –** (C) 10

**प्रश्न 20 - कार्ल्स ऑफ सिग्नल्स निम्नलिखित में किस खतरे से सुरक्षा प्रदान करते है?**

**(A) शारीरिक खतरों से** **(B) साईबर खतरों से**

**(C) दोनों (A) और (B) से** **(D) उपरोक्त में से किसी से नहीं**

**उत्तर -** (B) साईबर खतरों से

**प्रश्न 21 - सुमेलित कीजिए।**

| | |
|---|---|
| **(I) MBT अर्जुन** | **(a) स्नाईपर राईफल** |
| **(II) हेरोन मार्क II** | **(b) टैंक** |
| | **(c) चालक रहित हवाई वाहन** |

**उत्तर –** (I) MBT अर्जुन (b) टैंक

(II) हेरोन मार्क II (c) चालक रहित हवाई वाहन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 22 - सबमरीन में एक _____ संयंत्र और _____ होता है जो न्यूक्लीयर ऊर्जा का उपयोग _____ के लिए करता है।**

**उत्तर –** न्यूक्लियर, इंजन, संचालन

**प्रश्न 23 - भारत के पास _____ डेस्ट्रायर हैं और _____ फ्रिगेट हैं।**

**उत्तर -** 10, 15

**प्रश्न 24 - भारत देश के समुद्री आर्थिक क्षेत्रों की सुरक्षा तथा हिंद महासागर में विश्वसनीय रोकथाम व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमारे युद्धपोतों और विमानों को _____ खाड़ी से लेकर पश्चिमी _____ तक रात-दिन तैनात रखा जाता है।**

**उत्तर –** एडन की, महासागर

**प्रश्न 25 - सिंधु, _____ और _____ नदियाँ तीन प्रमुख हिमालयी नदी तंत्र हैं।**

**उत्तर -** गंगा, ब्रह्मपुत्र

**प्रश्न 26 - थोड़े समय में अधिक मात्रा में ऊर्जा उत्पादन के लिए दो प्रकार की न्यूक्लियर क्रियाओं का प्रयोग किया जाता है, जिन्हें _____ और _____ कहा जाता है।**

**उत्तर –** विखंडन, संलयन

**प्रश्न 27 - प्रारंभिक नाभिकीय विकिरण से _____ और _____ विकिरण उत्पन्न होते है।**

**उत्तर –** गामा, न्यूट्रॉन

**प्रश्न 28 - इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक _____ ब्राडबैंड रेडियो एनर्जी का बहुत ही कम अंतराल के लिए अति शक्तिशाली प्रस्फोट होता है जो _____ उपकरणों को नष्ट कर सकती है।**

**उत्तर –** पल्स, इलेक्ट्रिकल

**प्रश्न 29 - सुमेलित कीजिए।**

| | |
|---|---|
| **(I) ट्रोजन होर्सिस** | **(a) नालेज रोबोट्स** |
| **(II) क्नोबोट्स** | **(b) अनाधिकृत प्रोग्राम** |
| | **(c) हैकर** |

**उत्तर –** (I) ट्रोजन होर्सिस (b) अनाधिकृत प्रोग्राम

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(II) क्नोबोट्स (a) नालेज रोबोट्स

**प्रश्न 30 - साइबर युद्ध में साइबर आक्रमण_____और_______के अनुरूप प्रहारात्मक और रक्षात्मक दोनों प्रकार की कार्रवाइयाँ शामिल होती हैं।**

**उत्तर –** जासूसी, तोड़फोड़

**प्रश्न 31 - आपदाओं को _____ और _____ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।**

**उत्तर –** प्राकृतिक, मानव-निर्मित

**प्रश्न 32 - भारतीय सेना ने 2015 में नेपाल में ऑपरेशन _____ चलाया था एवं सन् _____ में आई सुनामी में शांति के समय की सबसे बड़ी राहत कार्यवाही चलाई।**

**उत्तर –** मैत्री, 2004

**प्रश्न 33 - एन.डी.एम.ए. का विस्तृत रूप _____ अथॉरिटी और एन.डी.आर.एफ. का विस्तृत रूप _____ है।**

**उत्तर –** नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट, नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स

**प्रश्न 34 -_____ खतरे सीमा से जुड़े होते हैं जबकि _____ खतरे देश से जुड़े होते है।**

**उत्तर –** बाहरी, आंतरिक

**प्रश्न 35 - भारतीय सुरक्षा बल _____ में _____ से लड़ने में प्रत्यक्ष भूमिका निभा रहा है।**

**उत्तर –** जम्मू और कश्मीर तथा पूर्वोत्तर राज्यों, विद्रोह और आतंकवाद

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड – ब

**प्रश्न 36 - भारतीय तट रक्षकों के किन्हीं दो मिशनों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – भारतीय तट रक्षकों के दो मिशन –**

1. कृत्रिम द्वीपों, तटीय टर्मिनलों तथा अन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा एवं बचाव सुनिश्चित करना।

2. समुद्र में मछुआरों और नाविकों को आवश्यक सुरक्षा तथा सहायता प्रदान करना।

**अथवा**

**'कोबरा' का अर्थ लिखिये।**

**उत्तर –** 'कोबरा' (COBRA) का पूर्ण रूप 'कमाण्डो बटालियन फार रिज़ल्यूट एक्शन' है। यह विशेष रूप से भारत में नक्सली आंदोलन का मुकाबला करने और छोटे नक्सली समूहों को खोजने तथा समाप्त करने के लिए प्रशिक्षित सीआरपीएफ (CRPF) की एक विशेषज्ञ इकाई है।

**प्रश्न 37 - वर्तमान में भारत के किन्हीं दो अर्द्ध सैनिक बलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर – भारत के दो के दो अर्द्ध सैनिक बल –**

1. 'असम राइफल्स' भारत का सबसे पुराना अर्द्ध सैनिक बल है, जो गृह मंत्रालय के अधीन सीमाओं की रक्षा करता है।

2. 'भारतीय तट रक्षक' जो रक्षा मंत्रालय का भाग है। यह समुद्री हितों व तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा करता है।

**अथवा**

**सीमा सुरक्षा बल द्वारा 1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात् चलाए गए किन्हीं दो प्रमुख ऑपरेशन्स के नाम लिखिए।**

**उत्तर – दो प्रमुख ऑपरेशन्स है -**

1. 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा बल द्वारा चलाया गया था।

2. इस युद्ध के बाद चलाया गया 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' एक अन्य प्रमुख सैन्य अभियान था।

**प्रश्न 38 - रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) के महत्व की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) का अत्यंत महत्व है क्योंकि यह सांप्रदायिक दंगों और घरेलू अशांति से निपटने के लिए एक विशेष बल है। यह बल संकट की स्थिति में न्यूनतम समय में पहुँचता है और आम जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 39 - 'स्थापना 22' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** स्थापना 22' स्पेशल फ्रंटीयर फोर्स (SFF) का दूसरा नाम है। इसे यह नाम इसके पहले इंस्पेक्टर जनरल, मेजर जनरल सुजान सिंह उबान के सम्मान में दिया गया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश भारतीय सेना में '22 माऊन्टेन रेजीमेंट' के कमांडर थे।

**प्रश्न 40 - सशस्त्र सीमा बल (SSB) और भारतीय तट रक्षक (ICG) के बीच किन्हीं दो अंतरों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – दो प्रमुख अंतर -**

1. सशस्त्र सीमा बल (SSB) का कार्य भारत-नेपाल और भारत-भूटान की थल सीमाओं की सुरक्षा करना है, जबकि भारतीय तट रक्षक (ICG) भारत के समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा करना है।

2. SSB मुख्य रूप से गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, जबकि ICG रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत है।

**प्रश्न 41 - समुद्री चोक पॉइंट्स का अर्थ बताते हुए इसका महत्व स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** समुद्री चोक पॉइंट्स समुद्र में स्थित प्राकृतिक रूप से संकीर्ण मार्ग होते हैं जहाँ रणनीतिक स्थान के कारण भारी समुद्री यातायात होता है। इनका महत्व इस बात में है कि विश्व के अधिकांश समुद्री तेल व्यापार का 80% इन्हीं मार्गों से गुजरता है।

**अथवा**

**'क्षेत्रीय समुद्र' के अर्थ की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** क्षेत्रीय समुद्र वह समुद्री क्षेत्र है जिसे तटीय राज्य अपनी आधार रेखा से 12 नॉटीकल मील तक दावा कर सकते हैं। इसके ऊपर के वायु क्षेत्र, तथा नीचे स्थित समुद्री सतह और गर्भ पर तटीय राज्य का पूर्ण अधिकार व संप्रभुता होती है।

**प्रश्न 42 - अन्तरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के महत्व की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** अन्तरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेन्सी है। इसका महत्व है कि यह अन्तरराष्ट्रीय जहाजरानी के लिए सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरणीय प्रदर्शन के वैश्विक मानक निश्चित करती है, जो समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

**अथवा**

**समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वाली किन्हीं दो गुप्तचर एजेन्सियों के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** दो गुप्तचर एजेन्सियाँ निम्नलिखित हैं -

**1. शोध एवं विश्लेषण शाखा (RAW) :** यह समुद्री सीमाओं के पार से होने वाली गतिविधियों और खतरों की निगरानी करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) :** यह तटीय क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले खतरों एवं सुरक्षा सूचनाओं का संग्रहण करती है।

**प्रश्न 43 - ब्रिज लेयिंग टैंक के लाभ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** ब्रिज लेयिंग टैंक का लाभ यह है कि यह बाधाओं वाले क्षेत्रों (जैसे नदियाँ या खाइयाँ) में पुल बनाकर सैनिकों, टैंकों और रसद को युद्ध क्षेत्र में आगे बढ़ने में सक्षम बनाता है, जिससे दुर्गम इलाकों में भी सेना की गतिशीलता बनी रहती है।

**प्रश्न 44 - भारतीय सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण में जटिल प्रौद्योगिकी के किन दो पक्षों को समाहित करना चाहिए?**

**उत्तर –** जटिल प्रौद्योगिकी के दो पक्ष हैं –

1. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समाहित करना चाहिए, ताकि युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय और सूचनाओं का प्रभावी विश्लेषण हो सके।

2. रोबोटिक्स को भी उपयोग में लाना चाहिए, ताकि जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में निगरानी तथा सैन्य कार्य सुरक्षित और स्वचालित रूप से किए जा सकें।

**प्रश्न 45 - साईबर अपराध और साईबर सुरक्षा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** साइबर अपराध वह अपराध है जहाँ नुकसान पहुँचाने के लिए कंप्यूटर के उपयोग या ज्ञान की आवश्यकता होती है, जबकि साइबर सुरक्षा अपनी सूचनाओं और सूचना प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं का विकास करना है।

**प्रश्न 46 - साईबर अपराधों के किन्हीं दो वर्गों के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** आज के नेटवर्क-केंद्रित युग में साइबर अपराधों का दायरा अत्यंत विस्तृत हो गया है, जिनके मुख्य दो वर्ग निम्नलिखित हैं -

1. फ्राड एवं धोखाधड़ी

2. कंप्यूटर प्रोग्राम अथवा आँकड़ों में क्षति अथवा सुधार

**प्रश्न 47 - मार्कोस' के किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – मार्कोस (MARCOS) के दो प्रमुख कार्य हैं -**

1. नौसेना की महत्वपूर्ण परिसम्पत्तियों और आधारों की रक्षा करना।

2. आतंकवादियों के विरुद्ध उभयचर (amphibious) कार्रवाइयाँ तथा समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 48 - राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दृष्टि और सोच को उजागर कीजिए।**

**उत्तर –** NDMA की दृष्टि और सोच एक आपदा-लचीला भारत का निर्माण करना है। इसके लिए एक ऐसी रणनीति अपनाई गई है जो समग्र, प्रौद्योगिकी-संचालित और सतत विकास पर आधारित है, जिसमें सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित हो और रोकथाम, तैयारी तथा शमन की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाता है।

**प्रश्न 49 - केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की भारत में भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की भूमिका -**

**1. औद्योगिक सुरक्षा :** CISF परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, तेल रिफाइनरियों और भारी इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करता है।

**2. बुनियादी ढांचा सुरक्षा :** यह बल पूरे भारत में फैले हवाई अड्डों और प्रमुख बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

**3. परामर्श सेवा :** CISF निजी उद्योगों और सरकारी संगठनों को सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा के लिए विशेष परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है।

**अथवा**

**संसदीय ड्यूटी समूह (पी.डी.जी.) की भारत में भूमिका का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर –** संसदीय ड्यूटी समूह (PDG) CRPF की एक विशिष्ट इकाई है जिसकी भारत में निम्नलिखित भूमिका है -

**1. सशस्त्र सुरक्षा :** इसका मुख्य कार्य भारत के संसद भवन को सशस्त्र सुरक्षा प्रदान करना है।

**2. विशेषज्ञ प्रशिक्षण :** PDG के जवानों को परमाणु और जैव-रासायनिक हमलों का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाता है।

**3. बचाव कार्य :** यह समूह बचाव कार्यों तथा व्यवहारिक प्रबंधन में भी पूरी तरह प्रशिक्षित होते हैं।

**प्रश्न 50 - भारत में समुद्री सुरक्षा के महत्व का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – भारत में समुद्री सुरक्षा का महत्व –**

**1. व्यापारिक निर्भरता :** भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है, इसलिए आर्थिक विकास और व्यापार की निरंतरता बनाए रखने के लिए इन समुद्री मार्गों की सुरक्षा आवश्यक है।

**2. ऊर्जा एवं तटीय सुरक्षा :** भारत का अधिकांश तेल और गैस समुद्री मार्गों से आता है। साथ ही, विशाल तटरेखा, बंदरगाहों, रक्षा प्रतिष्ठानों तथा परमाणु संयंत्रों को आतंकवाद, तस्करी और अन्य समुद्री खतरों से सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**किसी देश की आर्थिक शक्ति का उसके युद्ध लड़ने की क्षमता के निर्धारण में भूमिका का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – आर्थिक शक्ति और युद्ध लड़ने की क्षमता का सीधा संबंध है –**

**1. रक्षा क्षमता का आधार :** मजबूत अर्थव्यवस्था सेना के लिए पर्याप्त धन, आधुनिक हथियार और नई तकनीक उपलब्ध कराती है, जिससे युद्ध क्षमता बढ़ती है।

**2. संसाधनों की आपूर्ति :** लंबे युद्ध में आर्थिक शक्ति ही हथियार और ईंधन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

**3. आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन :** आर्थिक रूप से सक्षम देश रक्षा उपकरणों का स्वदेशी निर्माण करता है और युद्ध के समय चुनौतियों का बेहतर सामना करता है।

**प्रश्न 51 - बख्तरबंद टैंकों के लाभों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – बख्तरबंद टैंकों के लाभ निम्न हैं –**

**1.** इनमें भारी प्रहार क्षमता होती है, जिससे ये दुश्मन के टैंकों और बंकरों को आसानी से नष्ट कर देते हैं।

**2.** ये पैदल सेना को युद्ध क्षेत्र में करीबी सुरक्षा और सहायता प्रदान करते हैं और लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करते हैं।

**3.** युद्ध क्षेत्र में टैंकों की उपस्थिति दुश्मन की सेना में भय उत्पन्न करती है, जिससे ये टैंक एक अत्यंत घातक और बहुमुखी हथियार बन जाते हैं।

**प्रश्न 52 - "युद्ध सहायक हथियारों में इंजीनियर्स सबसे अग्रणी है।" उक्त कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – इंजीनियर्स युद्ध सहायक हथियारों में सबसे अग्रणी हैं क्योंकि –**

**1.** इंजीनियर्स ही युद्ध के दौरान सेना की गतिशीलता के लिए रास्ते, पुल, हेलीपैड और हवाई पट्टियों का निर्माण करते हैं।

**2.** यह माइन (बारूदी सुरंग) बिछाने और हटाने का कार्य करते हैं, जिससे सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

**3.** यह आवश्यकता पड़ने पर पुलों को नष्ट कर दुश्मन की सेना के मार्ग में बाधा उत्पन्न करते हैं तथा उनकी रसद आपूर्ति प्रभावित करते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड – स

**प्रश्न 53 - नाभिकीय विस्फोट से रक्षात्मक उपायों को कितने भागों में बाँटा जा सकता है? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – रक्षात्मक उपायों को दो भागों में बाँटा जा सकता है –**

**1. व्यक्तिगत सुरक्षा :** इसके अंतर्गत व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (IPE/PPE) आते हैं। एक व्यक्ति को रेडियोधर्मी और रासायनिक खतरों से बचने के लिए टू-पीस ओवर-गारमेंट और चारकोल फिल्टर युक्त मास्क, दस्ताने और ओवर-बूट पहनने होते हैं। साथ ही व्यक्तिगत डिकंटैमिनेशन किट का पास होना अनिवार्य है, जिससे शरीर को तुरंत सुरक्षित किया जा सके।

**2. सामूहिक सुरक्षा :** इसमें कई लोगों को एक साथ बचाने के उपाय किए जाते हैं। इसके लिए 'नाभिकीय, जैविक और रासायनिक' (NBC) सुरक्षित भूमिगत शेल्टरों का निर्माण किया जाता है। इन शेल्टरों में पर्याप्त मात्रा में भोजन, पानी, जीवन रक्षक दवाइयाँ और बाहरी दुनिया से जुड़ने के लिए वर्किंग फोन लाइन व रेडियो जैसे संचार उपकरण होने चाहिए।

**अथवा**

**न्यूक्लियर विस्फोट के कारण उत्पन्न आग के गोले की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** न्यूक्लियर विस्फोट में उत्पन्न ऊर्जा व ऊष्मा के कारण एक अत्यंत गर्म और चमकदार गैसीय गोला बनता है, जिसे 'आग का गोला' (Fireball) कहते हैं।

**1. निर्माण प्रक्रिया :** विस्फोट से मुक्त तीव्र ऊर्जा के कारण बम सामग्री और निकटवर्ती पदार्थ तुरंत गैस में बदल जाते हैं। यह गैस दबाव पैदा करती है, जो फैलकर एक चमकते हुए गोले का रूप ले लेती है।

**2. अत्यधिक ऊष्मा व प्रकाश :** यह गोला सूर्य से भी कई गुना अधिक चमकदार होता है। इसकी भीषण गर्मी आसपास की वस्तुओं को जलाने, पिघलाने या वाष्पित करने में सक्षम होती है।

**3. प्रसार और विस्तार :** फैलते हुए यह गोला ऊपर उठता है तथा तीव्र तापीय विकिरण (थर्मल रेडिएशन) उत्पन्न करता है, जो व्यापक विनाश का प्रमुख कारण बनता है।

**प्रश्न 54 - आपदा प्रबंधन में सशस्त्र बलों की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – आपदा प्रबंधन में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है –**

**1. प्रथम उत्तरदाता :** अपने प्रशिक्षण और अनुशासन के कारण सशस्त्र बल बाढ़, भूकंप या सुनामी जैसी किसी भी आपदा के समय सबसे पहले पहुँच कर राहत कार्य सँभालते हैं।

**2. खोज और बचाव अभियान :** आपदा में फँसे या लापता लोगों को खोजने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के क्षेत्र में इन बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**3. एयरलिफ्ट की क्षमता :** सशस्त्र बल अपने बड़े विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा बड़ी संख्या में राहत सामग्री, टेंट और जवानों को तुरंत दुर्गम स्थानों पर पहुँचाते हैं।

**4. चिकित्सा और मानवीय राहत :** इनकी मेडिकल टीमें शुद्ध पानी, भोजन और दवाइयों की आपूर्ति करती हैं, जिससे महामारियों को फैलने से रोका जा सके।

**अथवा**

**इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के कार्यों एवं महत्व का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के कार्य -**

**1. आंतरिक खुफिया जानकारी एकत्र करना :** देश के भीतर आतंकवाद, अलगाववाद, जासूसी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित गुप्त सूचनाएँ एकत्र कर सरकार को उपलब्ध कराती है।

**2. सुरक्षा समन्वय :** विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और राज्य पुलिस के साथ मिलकर आंतरिक खतरों की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में समन्वय स्थापित करती है।

**इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) का महत्व -**

**1. राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार :** समय पर खुफिया जानकारी देकर सरकार को संभावित आंतरिक खतरों के प्रति सतर्क करती है तथा देश की सुरक्षा मजबूत बनाती है।

**2. प्रतिक्रियात्मक क्षमता :** किसी भी बड़े संकट होने से पहले ही रोकने के लिए IB द्वारा प्रदान की गई सटीक खुफिया जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success